कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है कि **माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश** द्वारा संचालित वर्ष 2022 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेंट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थियों का ऑनलाइन आवेदन विद्यालय के प्रधानाचार्यों के माध्यम से **परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in** पर **दिनांक 10-07-2022 से 25-07-2022 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा।**

1- हाईस्कूल के सम्बन्ध में-

सम्बन्धित छात्र/छात्राएं अपने पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित कर परीक्षा **शुल्क रू0-256.50** तथा एक प्रार्थनापत्र के साथ अंकपत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत करेंगे। **इम्प्रूवमेन्ट के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए एक विषय में तथा कम्पार्टमेन्ट के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए दो विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।**

2- इण्टरमीडिएट के सम्बन्ध में-

इण्टरमीडिएट **परीक्षा में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में, कृषि भाग-1 एवं 2 में निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्नपत्र में एवं व्यावसायिक वर्ग हेतु निर्धारित ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह माने जायेंगे।** इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु **शुल्क रू0-306.00** तथा एक प्रार्थनापत्र के साथ अंकपत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रधानाचार्य को प्रस्तुत करेंगे।

प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि हाईस्कूल में कम्पार्टमेन्ट/इम्प्रूवमेन्ट तथा इण्टमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट के अर्ह छात्र/छात्राओं को आवेदन हेतु निर्धारित तिथि की सूचना अपने स्तर से भी प्रदान करते हुए छात्रों से निर्धारित शुल्क एवं आवेदन/अंकपत्र की प्रति प्राप्त करेंगे। साथ ही **विद्यालय के प्रधानाचार्य हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट के समस्त छात्रों के परीक्षा शुल्क अलग-अलग एकमुश्त कोषागार में चालान के माध्यम से जमाकर शुल्क का विवरण तथा सम्बन्धित छात्र का अनुक्रमांक एवं उसके इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विषय/प्रश्नपत्र को दिनांक 25 जुलाई 2022 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक अपने विद्यालय के यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करेंगे।**

हाईस्कूल में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट हेतु अर्ह परीक्षार्थी जो इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट विषय के प्रयोगात्मक (आन्तरिक मूल्यांकन) भाग में अनुत्तीर्ण हैं तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थी जो कम्पार्टमेन्ट विषय के प्रयोगात्मक भाग में अनुत्तीर्ण रहें हैं, उन सभी की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियों की सूचना बाद में विज्ञापित की जायेगी।

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 269 (1-6) दिनांकः 06 जुलाई 2022

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– सम्पादक दैनिक समाचार पत्र .... को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2– उप सचिव, शिक्षा–7 अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

4– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि अपने जनपद में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की इम्प्रूवमेन्ट / कम्पार्टमेन्ट परीक्षा 2022 का ब्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए जनपद के समस्त प्रधानाचार्यों को अपेक्षित कार्यवाही के सम्बन्ध में निर्देशित करने का कष्ट करें।

5– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस आशय से प्रेषित है कि वे भी अपने स्तर से प्रभावी अनुश्रवण कराने का कष्ट करें।

6– वैयक्तिक सहायक, शिक्षा निदेशक (मा0), शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव।